# कार्यालय उपखंड अधिकारी टोडाभीम जिला करौली

क्रमांक / 185 दिनांक 7-2-2018

श्रीमान जिला कलक्टर महोदय
करौली।

विषय :— एफआरए बैठक कार्यवाही विवरण भिजवाने बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 127—132 दिनांक 31.01.2018 के अनुक्रम में आज दिनांक 07.02.2018 को उदयपुरा से टोडाभीम रोड बाईपास निर्माण के संबंध में बैठक आहूत की गई जिसका बैठक कार्यवाही विवरण एवं उक्त निर्माण के संबंध में ग्राम पंचायत सांकरवाडा का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न कर अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

उपखंड अधिकारी
टोडाभीम

# कार्यालय उपखंड अधिकारी टोडाभीम जिला करौली

क्रमांक /                                                  दिनांक

बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 07.02.2018 को उपखंड अधिकारी टोडाभीम की अध्यक्षता में उपखंड कार्यालय टोडाभीम में एफआरए संबंधी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्न अधिकारियों द्वारा भाग लेकर निम्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया।

1. उपखंड अधिकारी टोडाभीम
2. तहसीलदार टोडाभीम
3. क्षेत्रीय वन अधिकारी गुढाचंद्रजी
4. सहायक अभियंता सा. नि. वि. टोडाभीम
5. सहायक अभियंता जे वी वी एन एल टोडाभीम
6. सहायक अभियंता जन स्वा0 अभि0 वि0 टोडाभीम
7. परियोजना निदेशक आर एस आर डी सी यूनिट गंगापुर सिटी (मु0 मेहंदीपुर बालाजी)

1. बैठक में सहायक अभियंता जेवीवीएनएल टोडाभीम ने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी बाईपास सडक का निर्माण होने से बिजली विभाग को किसी तरह की कोई आपत्ति नहीं है एवं विद्युत लाइनों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होगा।
2. सहायक अभियंता जन स्वा0 अभि0 वि0 टोडाभीम के अनुसार बाईपास निर्माण क्षेत्र में पानी की पाईप लाइन नहीं है इससे पानी सप्लाई में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी।
3. सहायक अभियंता सार्व0 निर्माण विभाग टोडाभीम के अनुसार बाईपास निर्माण से किसी भी सडक के अलाईमेंट में परिवर्तन नहीं होगा और निर्माण कार्य जारी रहते समय आवागमन में बाधा उत्पन्न नहीं होगी।
4. क्षेत्रीय वन अधिकारी गुढाचंद्रजी के अनुसार इसमें किसी प्रकार का वनीकरण नष्ट नहीं होगा एवं भूस्खलन नहीं होगा तथा उक्त क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी निवास नहीं कर रहा है।
5. परियोजना निदेशक आर एस आर डी सी यूनिट गंगापुर सिटी (मु0 मेहंदीपुर बालाजी) के अनुसार वन भूमि के परिवर्तन के प्रस्ताव अधिशाषी अभियंता सार्व0 नि0 वि0 खंड सिंकदरा के मार्फत उपवन संरक्षक करौली को भिजवा दिये गये है।

उक्त बाईपास का निर्माण होने से क्षेत्र में आवागमन की राह सुगम हो जायेगी एवं यातायात अवरोध से निजात मिलेगी ।

उपखंड अधिकारी
टोडाभीम